हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 25 .7 डिग्री
न्यूनतम 6 .8 डिग्री




डीसी ने किया बुनकरों द्वारा तैयार उत्पादों का मुआयना 10



डीएवी कालेज में साइबर सुरक्षा का महत्व बताया 10


## खबर संक्षेप

### कुवि के सात शोधार्थी पीएचडी के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 07 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में कॉमर्स विभाग से दिव्या, जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान से अतुल कुमार मिश्रा, शिक्षा विभाग से संदीप कुमार, कैमिस्ट्री से नमन जैन, गणित से उमंग बरेजा, फिजिक्स से प्रियंका तथा इतिहास से हेमंत कुमार शामिल है।

### मकान में चोरी करती दो महिलाएं पकड़ी

**पानीपत।** पानीपत के वार्ड सात स्थित चंद्र सेन मकान में चोरी करती हुई दो महिलाएं पकड़ी गई। महिलाओं के साथ दो युवक भी थे, जोकि दीवार फांदकर भाग निकले। महिलाओं को पुलिस के हवाले किया गया। जिनसे पूछताछ में पता लगा कि घर से कैश, बर्तन समेत अन्य सामान चुराया था। थाना सिटी पुलिस ने चंद्र सेन की शिकायत पर केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंद कैफे से सामान चोरी करने वाले दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने जीटी रोड पर गांजबड़ गांव के नजदीक खोतपुरा मोड़ के पास स्थित बंद कैफे से सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय निवास सींक जिला पानीपत व गौरव निवासी कोहंड करनाल को गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में अंकुश टांक निवासी हुडा सेक्टर 12, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### आर्य समाज का वार्षिक उत्सव आज से 16 तक

**पानीपत।** आर्य समाज खेल बाजार विरजानंद भवन वार्षिक उत्सव समारोह 14 फरवरी से 16 फरवरी तक मनाया जा रहा है। आर्य समाज खेल बाजार के प्रधान बलराज एलावादी व मंत्री अशोक वर्मा ने बताया कि 14 से 16 फरवरी तक प्रातः काल एवं सायंकालीन वैदिक यज्ञ होगा। यज्ञ के ब्रह्म आचार्य बृज किशोर शास्त्री होंगे। वेद पाठ अंशु शास्त्री एवं भावना शास्त्री करेंगे। आचार्य जयेंद्र कुमार नोएडा एवं आचार्य राजकुमार शर्मा वैदिक प्रवक्ता के वेद प्रवचन निरंतर होते रहेंगे।

### छात्राओं को शिक्षा ऋण पर मिलेगी सब्सिडी

**पानीपत।** सीमित साधनों, अत्यधिक फीस और बैंकों के शिक्षा ऋण पर ब्याज के भार के कारण व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर व चिकित्सा शिक्षा आदि प्राप्त करने से वंचित रहने वाली छात्राओं के शिक्षा के लक्ष्य को सुगम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सार्थक प्रयास निरंतर जारी हैं। हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा छात्राओं पर शिक्षा ऋण के भार को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज राशि बतौर सब्सिडी दी जा रही है।

### नपा के लिए दूसरे दिन भी नहीं भरा नामांकन

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में अध्यक्ष व पार्षद पद, नपा लाडवा उप चुनाव में वार्ड नंबर 11 के पार्षद पद व इस्माइलाबाद उप चुनाव में नपा अध्यक्ष पद के लिए दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। इन नगर निकाय चुनावों के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है। जिले में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। अभी तक थानेसर, इस्माइलाबाद लाडवा से किसी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।

### एडहॉक कमेटी के साथ मतदाता सूची की गंभीर खामियों पर उठाए सवाल

# नपा चुनाव को हाईकोर्ट में चुनौती भाजपा बोली, हार से डरी चित्रा

- पूर्व नपा सदस्य की ओर से दायर की गई याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद के निकाय चुनाव को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दिए जाने के बाद घमासान मच गया। पूर्व सदस्य सुरेश त्रेहन ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर चुनाव के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित एडहॉक कमेटी के साथ मतदाता सूची में गंभीर खामियों को लेकर भी सवाल उठाए। त्रेहन का आरोप है कि राज्य सरकार निकाय चुनाव में म्यूनिसिपल एक्ट की धज्जियां उड़ा रही हैं। उधर भाजपा का आरोप है कि निकाय चुनाव में हार के डर से विस चुनाव में आजाद प्रत्याशी रही चित्रा सरवारा चुनाव रद्द करवाने का प्रयास कर रही है। हालांकि चित्रा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वे चेयरपर्सन समेत नगरपरिषद के सभी 32 वार्डों को जीतने की रणनीति तैयार कर चुकी हैं। निकाय चुनाव को चुनौती देने वाले पूर्व सदस्य सुरेश त्रेहन ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी में शामिल दो पूर्व सदस्य ओंकार नाथी व सुरेश विग को कांग्रेसी करार दिया गया था। त्रेहन का आरोप है कि कांग्रेस ने पहले कभी सिंबल पर नगर परिषद का चुनाव नहीं लड़ा था। ऐसे में दोनों पूर्व सदस्यों के कांग्रेस होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनका आरोप है कि म्यूनिसिपल एक्ट को ताक पर रखकर एडहॉक कमेटी गठित की गई थी। उधर मामला हाईकोर्ट में जाने के बाद भारतीय जनता पार्टी छावनी के चारों मंडल प्रधानों ने एक संयुक्त बयान में चित्रा सरवारा पर नपा चुनाव रुकवाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

मंडल प्रधानों ने कहा कि नगर परिषद चुनावों को रुकवाने के मकसद से चित्रा सरवारा की ओर से हाईकोर्ट में 6 फरवरी को सिविल याचिका दायर की गई है ताकि नगर परिषद चुनाव को रुकवाया जा सके। चुनावों के संबंध में चित्रा सरवारा ने हाईकोर्ट में अर्जेंट कैटेगरी में याचिका दायर की थी ताकि नगर परिषद चुनाव घोषित तय कार्यक्रम में न हो सके। प्रधानों ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नगर परिषद चुनाव कराने के लिए इस बार पूरी तैयार कर ली है और इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि सरवारा ने अदालत में चुनाव रूकवाने के मकसद से याचिका दायर की हो।




अंबाला। नगर परिषद ऑफिस का बाहरी दृश्य ।

#### मतदाता सूची में हजारों मृतक वोटर

त्रेहन ने याचिका में नगर परिषद के लिए तैयार की गई फाइनल मतदाता सूची पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में 40 हजार के आसपास मृतक वोटर हैं । इसके अलावा कई मतदाताओं की डबल व ट्रिपल वोट बनी हुई है। उनके बार-बार आग्रह के बावजूद मतदाता सूची को दुरुस्त नहीं किया गया। त्रेहन ने बताया कि अगर एक्ट के मुताबिक मृतक की जगह फर्जी वोट के पोल होने की ज्यादा संभावनाएं हैं। नपा अधिकारियों ने सियासी दबाव में इस मृतक वोटरों को सूची नहीं हटाया न ही एक मतदाता की बनी डबल व ट्रिपल वोटों को हटाया गया। ऐसे में निष्पक्ष चुनाव होना संभव नहीं है।

#### सभी 32 वार्ड पर होगी हमारी जीतः चित्रा

विधानसभा चुनाव में आजाद उम्मीदवार के तौर पर परिवहन मंत्री अनिल विज को कड़ी टक्कर देने वाली चित्रा सरवारा ने कहा कि वह चुनाव से भागने वालों में नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी 32 वार्डों के साथ उनके उम्मीदवार चेयरपर्सन के पद पर भी जीत का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी हार का डर सता रहा है। इसी वजह से भाजपा नेता मतदाताओं को भ्रामक करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को अपनी हैसियत का आंकलन हो जाएगा।

## जन संघर्ष मंच का सीएम निवास पर प्रदर्शन आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- मारुति सुजुकी के बर्खास्त मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन का विरोध

जन संघर्ष मंच हरियाणा की महासचिव सुदेश कुमारी ने बताया कि मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान द्वारा गुड़गांव में मारूति सुजुकी के अस्थाई तथा बर्खास्त मजदूरों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर पुलिस दमन के विरोध में कुरुक्षेत्र में 14 फरवरी को मुख्यमंत्री हरियाणा के कुरुक्षेत्र निवास पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन मासा के घटक संगठन जन संघर्ष मंच हरियाणा, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन व मनरेगा मजदूर यूनियन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। प्रदर्शन की तैयारी में जन संघर्ष मंच हरियाणा अलग-अलग बस्तियों, महोल्लों, गांवों में पर्चा वितरण करके व लोगों से बातचीत मीटिंगें करके विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील कर रहा है। चक्रवर्ती मोहल्ला, वशिष्ट कालोनी, दर्रा खेडा,कीर्ति नगर कुरूक्षेत्र व अन्य जगहों पर मजदूरों से बातचीत करते हुए मंच की नेता ऊषा कुमारी, करनैल सिंह, सोमनाथ ने कहा कि उनकी मांग है कि संघर्षरत मारुति मजदूरों की मांगें पूरी कराने, मारुति मजदूर नेताओं पर दर्ज मुकदमे रद्द किए जाए।

मजदूर विरोधी श्रम संहिताएं वापस कराने, फिक्स टर्म, नीम ट्रेनी आदि के जरिये स्थायी काम पर स्थायी रोजगार का आधार खत्म करने की साजिश बंद करवाई जाए। स्थायी काम पर स्थाई रोजगार और समान काम पर समान वेतन लागू किया जाए। मजदूरों के धरना प्रदर्शन हड़ताल करने के जनवादी अधिकार पर रोक लगाने के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## बिजली चोरी के 612 मामले पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- निगम ने बिजली चोरों पर 2 .9 करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका

सर्दियों में लोगों ने बिजली चोरी कर निगम को खूब चूना लगाया। पिछले ढाई महीने में निगम ने बिजली चोरी के 612 मामले पकड़े और 2.09 करोड़ का जुर्माना लगाया। दिसंबर से अब तक सबसे ज्यादा बिजली चोरी के 321 मामले कैंट में पकड़े गए। इन पर 1.02 करोड़ का जुर्माना लगाया। बिजली चोरी करने वाले और डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर बिजली निगम ने कड़ा रुख अपना लिया है।

निगम अम्बाला के तीनों डिवीजन में स्पेशल अभियान चला रहा है। फरवरी के 12 दिन में ही 102 चोरियां सामने आई, जिन पर 31.33 लाख का जुर्माना लगाया। बिजली चोरी पकड़ने के लिए निगम ने सब डिवीजन वाइज 2 टीमों का गठन किया हुआ है। पूरे सर्कल में 24 टीमें कार्रवाई में जुटी हैं। वहीं डिफाल्टरों पर भी बिजली निगम सख्ती अपनाए हुए है, जिनके पिछले काई महीने से बिजली बिल बकाया हैं, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बता दें कि बिजली निगम के 150 करोड़ रुपए डिफॉल्टिंग है, जिसमें से करीब 52 करोड़ रुपए रिकवर कर लिए है। निगम अधिकारियों का कहना है कि डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा।बता दे कि बिजली निगम की ओर से अनुमानित प्रति किलो वाट पर 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा प्रति किलोवाट के हिसाब से 2 हजार रुपए कंपाउंडिंग फीस ली जाती है। बिजली चोरी पकड़े जाने पर निगम की ओर से मौके पर ही मीटर उतार लिया जाता है और एफआईआर करा दी जाती है। सबसे ज्यादा कैंट में पकड़ी बिजली चोरियां बिजली निगम ने दिसंबर में 48 लाख की 144 चोरियां पकड़ी। अम्बाला कैंट में 48 लाख की 144 चोरियां, सिटी में 84 लाख की 84 चोरियां तो नारायणगढ़ डिवीजन में 53 चोरियां 12.56 लाख की पकड़ी गई।

जनवरी में 77 लाख की 229 चोरियां पकड़ी। कैंट में 33 लाख की 116 चोरियां, सिटी में 31 लाख की 61 चोरियां व नारायणगढ़ डिवीजन में 13 लाख की 53 चोरियां पकड़ी। वहीं, फरवरी में अब तक 31.33 लाख की 102 चोरियां पकड़ी। इसमें कैंट में 21 लाख की 61 चोरियां, सिटी में 6.11 लाख की 23 चोरियां व नारायणगढ़ में 6.69 लाख की 18 चोरियां पकड़ी।

### अमरजीत की मौत के मामले में तीन काबू

**लाडवा।** चंडीगढ़ पी.जी.आई. में उपचार के दौरान मृतक अमरजीत मामले में लाडवा पुलिस ने तीन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रदीप, सुरेंद्र, सुखदेव के रूप में हुई है। लाडवा पुलिस ने मृतक के भतीजे के शिकायत पर प्रदीप, सुरेंद्र, सुखदेव सहित 7-8 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मृतक अमरजीत की मौत अधिक पिटाई करने के कारण हुई थी, जिसे घायल अवस्था में लाडवा पुलिस ने मृतक अमरजीत को लाडवा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां गंभीर हालत के चलते उसे कुरुक्षेत्र बाद में चंडीगढ़ पी.जी.आई. भेज दिया गया था जहां उसका उपचार चल रहा था। 11 फरवरी की रात्रि को अमरजीत की चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## कुवि कुलपति को मिला आउटस्टैंडिंग वीसी अवॉर्ड

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम : प्रोफेसर सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा को ह्लआउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्डह्ल मिला है। 12 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में इंडियन एजुकेशन नेटवर्क द्वारा आयोजित 14वें इंडिया एजुकेशन समिट में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, नेतृत्व और अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए आउटस्टैंडिंग वाइस चांसलर ऑफ इंडिया अवार्डह्ल से सम्मानित किया गया। अवार्ड प्राप्त करने पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा से अनुसंधान, नवाचार और उच्च शिक्षा के सतत विकास के लिए प्रयासरत रहा है और यह सम्मान इस दिशा में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत अपने सभी पाठ्यक्रमों में स्किलिंग, उद्यमिता और नवाचार को एकीकृत कर दिया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अधिकतम रोजगार सृजन करना और भारत को 2047 तक एक ज्ञान-आधारित समाज के रूप में विकसित करना है। इस उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में अत्यधिक हर्ष और गर्व की भावना है।

## लॉयर्स फोरम का राष्ट्रीय सम्मेलन कल : गुप्ता

- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, जस्टिस राजेश बिंदल होंगे मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव, एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा, ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम द्वारा 15 फरवरी को फरीदाबाद में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायाधीश, माननीय जस्टिस राजेश बिंदल, मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हमें जस्टिस राजेश बिंदल के साथ इस सम्मेलन को आयोजित करने का अवसर मिला है, जो कि कानूनी पेशेवरों और छात्रों के लिए बहुत प्रासंगिक होगा। काबिले गौर है कि ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम एक प्रमुख संगठन है जो कानूनी पेशेवरों के हितों की रक्षा और प्रोत्साहन के लिए काम करता है।

## साइबर ठगों ने खाते से निकाले 8.35 लाख

- पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने नेट बैंकिंग के माध्यम से गांव नत्थनपुर निवासी सुभाष के अकाउंट से आठ लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए। खास बात यह है कि सुभाष का कहना है कि उसने बैंक से कभी भी नेट बैंकिंग की सेवा नहीं ली। फिर भी उसके अकाउंट से पैसे निकाल लिए गए। उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव नत्थनपुर निवासी सुभाष ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसका गांव देवधर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अकाउंट हैं। उसने बताया कि उसके सेविंग अकाउंट से गत 21 अक्तूबर उसकी अनुमति के बिना आईएमपीएस और निफ्ट द्वारा अलग-अलग करके आठ लाख 35 हजार रुपये निकाल लिए गए। जब उसे मैसेज के माध्यम से इस बारे पता चला तो उसने कस्टमर केयर पर फोन करके इस बारे पता किया। उसने अगले दिन बैंक में जाकर पता किया तो सामने आया कि उसके अकाउंट से सभी ट्रांजेक्शन नेट बैंकिंग के माध्यम से हुई है। सुभाष ने बताया कि उसने कभी भी बैंक से नेट बैंकिंग सेवा नहीं ली है। फिर भी उसके अकाउंट से नेट बैंकिंग के द्वारा पैसे निकाले गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक पर लड़की की फेक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव में युवक पर नाबालिग लड़की की फेक वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है। जबसे लड़की व उसके परिजनों को फेक वीडियो के बारे में पता चला तो तब से वह सदमे में हैं। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की स्कूल में पढ़ाई कर रही है। वैभव नाम के युवक ने उसकी लड़की की फेक वीडियो बनाई हुई है। जिस पर आरोपी उसकी लड़की को ब्लैकमेल कर उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। जब उसकी लड़की ने यह वीडियो देखी तो वह चुपचाप रहने लगी। उसने जब अपनी लड़की को चुपी के बारे में पूछा तो उसने उसे इस बारे बताया। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ 67ए आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बीटीएम-एटीएम को आठ माह से नहीं मिला वेतन

# कृषि विभाग के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा

- आर्थिक संकट से घिरे कृषि विभाग के कर्मी व इनके परिजन के सामने भोजन का संकट उत्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में नियुक्त खंड तकनीकी प्रबंधकों (बीटीएम) और सहायक तकनीकी प्रबंधकों (एटीएम) को पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन की मांग को लेकर वीरवार को एटीएम एवं बीटीएम ने संयुक्त रूप से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपा और आठ माह का बकाया वेतन दिलवाने की अपील की। इधर डिप्टी डायरेक्टर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने एटीएम एवं बीटीएम को आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से उनका हर संभव सहयोग किया जाएगा और प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द उनका बकाया वेतन का भुगतान हो जाए। इधर बीटीएम दीपक व सत्येंद्र ने बताया कि वेतन नहीं मिलने के कारण बीटीएम व एटीएम को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम प्रवीण जगफुल प्रताप सिंह नरेंद्र नेहा गर्ग रिहान ओमपाल अलका रोहित सीता विकास मलिक विकास त्यागी ने संयुक्त रूप से बताया कि उन्हें आठ माह से वेतन नहीं मिला है इसके चलते उनके परिजनों के सामने रोटी का भी संकट पैदा हो गया है। बच्चों की स्कूली फीस जमा नहीं होने के चलते स्कूलों ने उनके बच्चों को नोटिस जारी कर दिए है। उन्होंने बताया कि वेतन नहीं मिलने के चलते हुए आर्थिक, मानसिक और सामाजिक रूप से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कृषि विभाग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से उनका बकाया आठ माह का वेतन देने की अपील की है।



पानीपत। कृषि विभाग के उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपते हुए एटीएम व बीटीएम।

### युवक ने किशोरी को शादी का झांसा देकर किया अगवा, केस दर्ज

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक अपने दोस्त के साथ मिलकर किशोरी को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 फरवरी की रात को उसकी 14 वर्षीय लड़की खाना खाकर अपने कमरे में जाकर सो गई थी। सुबह उन्हें अपनी लड़की घर से गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को जतिन अपने दोस्त पंकज के साथ मिलकर शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## दुकान पर बैठे फूल विक्रेता का किडनैप

- लड़की के परिजनों पर लगाया आरोप

**लाडवा।** बुधवार सायं को एक ग्रे कलर की बैलैनो कार में सवार तीन-चार युवक आए और चौक पर फूल विक्रेता मौनू निवासी बपदा कालोनी को जबरन उठाकर कार में डालकर फरार हो गए। मामले की सूचना आस-पास के लोगों ने लाडवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लाडवा थानाध्यक्ष कुलदीप सहित पुलिस टीम हरकत में आई और किडनैपरों को पकड़ने के लिए नाकाबंदी कर दी, लेकिन तब तक कार चालक फरार हो चुके थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौनू की तलाश शुरू कर दी थी। जानकारी के अनुसार मौनू निवासी बपदा का किडनैप उस लडकी के परिजनों ने किया है, जिसे उसका साला सौरभ निवासी संधौला भगाकर ले गया है। लडकी के परिजनों ने कहा कि उनकी लडकी लौटा दो और अपने रिश्तेदार मौनू को ले जाओ। लडकी के परिजनों वालों ने उनकी लडकी को भगाकर ले जाने वाले सौरभ के जीजा मौनू को बुधवार सायं को लाडवा के इंद्री चौक से उस टाइम किडनैप किया था जब वह अपनी फूलों की दुकान पर बैठा था। लाडवा पुलिस ने किडनैप हुए मौनू के भाई मनोज निवासी बपदा कालोनी की शिकायत पर किडनैप का मामला दर्ज कर मौनू की तलाश शुरू कर दी है। लाडवा थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह ने भी बताया कि मौनू निवासी बपदा का किडनैप लडकी के परिजनों वालों ने किया है। लडकी के परिजन पुंडरी जिला कैथल के है और उनकी लडकी को मौनू के साला सौरभ निवासी संधौला भगाकर ले गया है। मौनू के भाई मनोज की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष के अनुसार लडकी के परिजनों से बात हो गई है। जल्द ही लडके को बरामद कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि किडनैप करके ले जाना गलत है। कानून को हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राहत : फूलों की खशबू से शहरवासी गुलजार

# ट्विनसिटी में 50 से अधिक कचरा प्वाइंट बंद कर निगम ने रखवाए फूलों के गमले

निगम आयुक्त ने कुछ दिन पहले दिए थे सफाई अधिकारियों को कचरा प्वाइंट बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। नगर निगम द्वारा कचरा प्वाइंट बंद कर रखवाए गए गमले। फोटो: हरिभूमि

नगर निगम शहर को सुंदर, स्वच्छ व साफ बनाने में प्रयासरत है। इसी कड़ी में नगर निगम ने ट्विनसिटी में बने 50 से अधिक कचरा प्वाइंट बंद कर दिए हैं। इन प्वाइंट को बंद कर नगर निगम ने इन स्थानों पर फूल पौधों के गमले व बेंच रखवा दिए हैं। इन स्थानों पर गंदगी डाले जाने से आसपास के लोग दुर्गंध से परेशान थे। अब फूल गमले रखे जाने से यहां का वातावरण सुंगधित बना हुआ है। कुछ स्थानों पर पौधारोपण भी किया जाएगा। ताकि शहरवासियों को साफ वातावरण मिल सके। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने कुछ दिन पहले निगम अधिकारियों की बैठक लेकर दोनों जोन में बने गार्बेज वेलरवेल प्वाइंट अर्थात कचरा प्वाइंट बंद करने के निर्देश दिए थे। साथ ही इन प्वाइंट पर लोग दोबारा कचरा न डाले इसके लिए यहां गमले, बेंच रखने व बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए थे। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह, एसआई अमित कांबोज, एसआई प्रदीप दहिया, एएसआई सचिन कांबोज व अन्य सफाई निरीक्षकों की टीम ने वार्ड से 11 वार्डों में विभिन्न स्थानों पर बने कचरा प्वाइंट बंद करवाए।

टीम द्वारा वार्ड एक में आरटीओ ऑफिसए दो में हरियाणा कॉऑपरेटिव बैंक, झंडा चौक, इंदिरा मार्केट,अंकुश अस्पताल, शिब्बू मल धर्मशाला, वार्ड चार में वृद्ध आश्रम, बूडिया पार्क के पास, वार्ड पांच में शर्मा टेंट, घास मंडी, पुरानी सब्जी मंडी, वार्ड छह में कोहली अस्पताल के पास, कांबोज नर्सरी, छोटी लाइन, आठ में भगत सिंह पार्क, दशहरा ग्राउंड, वार्ड नौ में केशव पार्क के पास समेत कई अन्य स्थानों से कचरा प्वाइंट बंद कराकर यहां फूलों के गमले व बेंच रखवाए।

इसी तरह सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में बनी एसआई गोविंद शर्मा, बिट्टू सिंह, सुशील कुमार, सतबीर,सुमित लाठर व अन्य की टीम ने नगर निगम कार्यालय के बाहर, महाराणा प्रताप चौक, स्वर्ण जयंती पार्क, आईटीआई के बाहर, कन्हैया साहिब चौक, पुराना हमीदा ट्रक अड्डा के पास, रादौर रोड पुलिया के पास, जोड़ियों पेट्रोल पंप के नजदीक, फर्कपुर संत निरंकारी सत्संग भवन के पास समेत 30 के करीब कचरा प्वाइंट को बंद कर फूल पौधों के गमले और बेंच रखवाएं। निगम द्वारा इन प्वाइंटों से गंदगी साफ कर चूने का छिड़काव किया गया। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने सफाई अधिकारियों को निर्देश दिए वे बंद किए गए कचरा प्वाइंट का निरीक्षण करें। यदि कोई इन स्थानों पर दोबारा कचरा डालता है या गमलों को नुकसान पहुंचाता है तो उन पर कार्रवाई करें।

### निगम के वाहनों में डाले कचरा

नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा व अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा हर घर, दुकान व अन्य स्थानों से कचरा लेने के लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन सेवा शुरू की हुई है। कचरा लेने को निगम के वाहन रोजाना हर वार्ड की हर कॉलोनी में जा रहे हैं। शहरवासियों से अपील है कि घर, दुकान व अन्य स्थानों से निकलने वाला कचरा अलग अलग करके डस्टबिन में रखें। निगम का वाहन आने पर उस कचरे को उसमें डाले। होटल, रेस्टोरेंट व अन्य संस्थान अधिक कचरा होने पर उसका स्वयं निपटान करें। रसोई वेस्ट, गीले कचरे, पेड़ पौधों के पत्ते, घास आदि से खाद बनाए। इसके लिए कंपोस्ट पिट बनवाए।

# 102 करोड़ के ऋण आवेदन हुए प्राप्त

- पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मानकपुर स्थित पीएनबी ब्रांच में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- शहर के सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



यमुनानगर। गांव मानकपुर के औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक घनश्याम दास व अन्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा वीरवार को एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन औद्योगिक क्षेत्र मानकपुर स्थित पीएनबी ब्रांच में किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में यमुनानगर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा रहे। कार्यक्रम में 150 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह खुशी की बात है कि एक करोड़ के ऋण के लिए भी जीएसटी के नंबर की जरूरत नहीं। सबसे ज्यादा रोजगार एमएसएमई देता है। जिसमें बैंक का पूरा योगदान रहता है। इसलिए सभी को इस का लाभ मिलना चाहिए। पंजाब नैशनल बैंक पहला स्वदेशी बैंक है। वर्तमान में सभी प्रकार के भुगतान बैंको के माध्यम से हो रहे हैं। इसलिय सभी व्यक्ति बैंकों के साथ जुड़ें। पीएनबी यह बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है।



## विद्यार्थियों को दिया उन्नत डेटा संरचना और एल्गोरिदम पर प्रशिक्षण

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को एक्सेलेंस टेक्नोलॉजीज मोहाली के सहयोग से दो दिवसीय डेटा संरचना व एल्गोरिदम (डीएसए) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला बी.टेक (कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी, सूचना प्रौद्योगिकी) तथा बीसीए के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए आयोजित की गई। जिसमें 110 छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन दीपक पंवार एक्सेलेंस टेक्नोलॉजीज द्वारा किया गया। जिसमें छात्रों को उन्नत डेटा संरचना और एल्गोरिदम पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह कार्यशाला डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.नवदीप कुमार, अलिशा गुप्ता, कमल गुप्ता, ऋतु श्योराण के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

## सीवरेज साफ होने से लोगों को राहत

**रादौर।** रादौर की वाल्मीकि बस्ती में महीनों से सीवरेज जाम होने के कारण गंदा पानी गली में खड़ा होने के मामले को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा रोष प्रकट करने के बाद जलापूर्ति विभाग हरकत में आया। जिसके बाद वीरवार को विभाग की ओर से मशीन द्वारा सीवरेज के मेनहॉल की सफाई करवाकर गंदे पानी की निकासी को दुरूस्त करवाया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद बस्ती के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय निवासियों रामप्रसाद, धर्मबीर, प्रदीप, राजू, रेशो, संतोष, सुरेशो देवी, रेखा, सतीश व उपासना आदि ने बताया कि पिछले कई महीनों से बस्ती में सीवरेज जाम पड़ा हुआ था।

**खबर संक्षेप**

### किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**रादौर।** गांव गुढहा में कृषि विभाग की ओर से वीरवार को एकदिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ.जितेंद्र मेहता ने किसानों को कई आवश्यक जानकारियां मुहैया करवाई। डॉ.जितेंद्र ने बताया कि बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए गेहूं में पोटेशियम नाइट्रेट 4 किलो एनपीके 13.0.45 को बूटिंग स्टेज पर 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ स्प्रे करें।

### मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर की न्यू जैन नगर कॉलोनी में चोरों ने निर्माणधीन मकान से बिजली के सामान समेत हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रायपुर निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को चोरी की शिकायत दी।

### शिविर में 150 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय मानव जन सेवा मंडल समिति के तत्वावधान में वीरवार को हमीदा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर मरीजों को निशुल्क दवाईयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं समिति के संयोजक विरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर डॉक्टर मौजूद रहे।

# मेयर के लिए दसवीं पास योग्यता

- जिला निवार्चन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में नगर निगम चुनाव संबंधित जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता।

नगर निगम व नगर पालिका चुनाव के लिए जिला निर्वाचन विभाग ने मेयर पद समेत अन्य पदों के लिए जमानत राशि व योग्यता निर्धारित की गई है। जिसमें सामान्य वर्ग के मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की योग्यता दसवीं पास व जमानत राशि दस हजार रुपये रखी गई है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 10 हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। वहीं, अनुसूचित जाति, बीसी ए, बीसी.बी और महिला के लिए 5 हजार रुपये की जमानत राशि तय की गई है। इसी तरह नगर निगम में पार्षद पद के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए तीन हजार रुपये, अनुसूचित जातिए बीसी.ए, बीसी.बी और महिला के लिए 1500 रुपये की जमानत राशि तय की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका सामान्य वर्ग के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए 2 हजार रुपये व अनुसूचित जाति, बीसी.ए, बीसी.बी और महिला के लिए के लिए एक हजार की जमानत राशि होगी।

### चुनाव की खर्च सीमा भी हुई तय

जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ गुप्ता ने बताया कि नगर निगम मेयर पद के चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की खर्च सीमा 30 लाख रुपये, पार्षद पद के लिए 7 लाख 50 हजार रुपये तय की गई है। उन्होंने बताया कि सभी चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को अपने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखना होगा और उसे चुनाव समाप्त होने के बाद 30 दिनों के अंदर संबंधित आरओ को जमा करवाना होगा। यदि कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं करता है तो उसे नियमानुसार प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

# नई शिक्षा नीति पर शिक्षकों ने किया मंथन

- न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा सीबीपी प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन
- शिक्षकों ने बाल केंद्रित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम, और खेल आधारित शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को नई शिक्षा नीति और बुनियादी शिक्षा की दिशा में आवश्यक सुधारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सीबीएसई द्वारा नियुक्त मुख्य संसाधन व्यक्ति स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल सोनीपत के प्रधानाचार्य रोहित पांडा और दिल्ली पब्लिक स्कूल से शिवाली ने किया। उन्होंने शिक्षकों को मूलभूत अवधारणाएं, शिक्षण में नवाचार और प्रारंभिक शिक्षा में समग्र विकास की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षकों ने बाल केंद्रित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम, और खेल आधारित शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बुनियादी शिक्षा में आवश्यक सुधारों को समझा और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के उपायों पर चर्चा की। यह सत्र न केवल शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक रहा बल्कि उन्होंने अपनी कक्षाओं में लागू करने के लिए कई नई शिक्षण तकनीकों को भी सीखा।

### शिक्षा को रोचक बनाना अति आवश्यक : शर्मा

*विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शक्षकों का सतत प्रशिक्षण ही एक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली की नींव रखता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावशाली बनाया जा सकता है। जिससे बच्चों की सीखने की क्षमता में व्यापक सुधार होगा। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को नई दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हमारे शिक्षक इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से खुद को अपडेट कर रहे हैं और विद्यार्थियों के भविष्य को और अधिक उज्जवल बनाने में योगदान दे रहे हैं।*

# पर्यावरण संरक्षण में रेडियो की अहम भूमिका

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर रेडियो और जलवायु परिवर्तन विषय पर वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के जनसंचार विभाग की ओर से विश्व रेडियो दिवस पर रेडियो और जलवायु परिवर्तन विषय पर वर्कशाप का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सांझा रेडियो की मार्केटिंग हेड तनू सिंह, रेडियो जॉकी हरप्रीत व रेडियो स्टेशन के टेनिशियन आकाश कुमार मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम विभाग अध्यक्ष परमेश कुमार की देखरेख में हुआ। डॉ. मीनू जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने में रेडियो महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इस बार वर्ल्ड रेडियो डे की थीम रेडियो और जलवायु परिवर्तन भी पर्यावरण सरंक्षण को बढावा दे रही है। तनू सिंह ने कहा कि आज भले ही टेलीविजन और स्मार्टफोन ने दुनिया पर कब्जा कर लिया है।

### सशक्त माध्यम

रेडियो जॉकी हरप्रीत ने कहा कि लोगों से जुड़ने के लिए रेडियो सशक्त माध्यम है। इसलिए ऑडियंस को ध्यान में रखकर ही रेडियो के कार्यक्रम तैयार किए जाते है। उन्होंने रेडियो के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### तकनीकी जानकारी दी

रेडियो टेनिशियन आकाश ने छात्राओं ने रेडियो कार्यक्रम किस प्रकार से ऑन एयर किए जाते हैं इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। लाइव कार्यक्रम के दौरान भाषा को किस प्रकार से संयमित रखना चाहिए। इसके बारे में भी बताया। मौके पर विभाग की प्राध्यापिका नेहा ठाकुर व हिमानी जांगडा भी मौजूद रही।

# टेनिस टूर्नामेंट की तैयारियों की समीक्षा

- हरियाणा टेनिस एसोसिएशए के तत्वावधान में होगा टूर्नामेंट
- प्रतियोगिता में देश भर से 200 खिलाड़ी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** बैठक में भाग लेते जगाधरी-यमुनानगर टेनिस एसोसिएशन के सदस्य।

जगाधरी-यमुनानगर टेनिस एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक जिमखाना क्लब में आयोजित हुई। जिसमें 8वें बलराज गुप्ता मेमोरियल सीनियर्स टेनिस टूर्नामेंट की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। टूर्नामेंट 22 व 23 फरवरी को तेजली स्टेडियम में आयोजित होगा। जिसमें देश भर से 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने कहा कि यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के लिए खेल भावना, अनुभव और सम्मान का संगम है। उन्होंने कहा बलराज गुप्ता मेमोरियल टेनिस टूर्नामेंट भारतीय टेनिस बिरादरी के लिए एक प्रतिष्ठित आयोजन बन चुका है। प्रतियोगिता में देश भर से खिलाड़ी भाग लेते हैं। टूर्नामेंट निदेशक गौरव ओबेरॉय ने कहा कि यह प्रतियोगिता भारतीय टेनिस खिलाड़ियों के लिए एक बहुप्रतीक्षित आयोजन बन चुका है।

# शतरंज में छाए शहर के होनहार

- प्रतियोगिता में गुरुनानक खालसा कॉलेज की टीम ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गुरू नानक खालसा कॉलेज की विजेता टीम ट्राफी के साथ।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की रजत पदक जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता जीतकर कॉलेज पहुंचे टीम के खिलाड़ियों का प्राचार्य द्वारा स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने वाले कॉलेज के खिलाड़ी रॉबिन सिंह का चयन उत्तरी क्षेत्र शतरंज चैंपियनशिप के लिए हुआ है। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रतिमा शर्मा ने विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने असाधारण रणनीतिक कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया है। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संजय विज ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। मौके पर कोच प्रो. धीरज, डॉ. परवीन कुमार, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. अरुण, प्रो. अनुरोध, प्रो. कवलप्रीत सिंह और प्रो. शिव मौजूद थे।

श्री राधा संकीर्तन मंडल द्वारा व्यासपुर में सत्संग आयोजित

# संतों के संग मिलता आत्म कल्याण का मार्ग : महाराज

- स्वामी सोमनाथ महाराज ने जीवन में संत के संग का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित सत्संग व भजन संध्या में भाग लेते श्रद्धालु।

श्री राधा संकीर्तन मंडल द्वारा वीरवार को व्यासपुर में सत्संग व भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन से आए स्वामी सोमनाथ महाराज ने मानव जीवन में संत के संग के महत्व को बताया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

स्वामी सोमनाथ महाराज ने फरमाया कि जीवन की तीन अवस्थाओं को जीते-जीते हमारा शरीर अंत में राख हो जाता है। लेकिन मन की तृष्णा एवं वासनाओं का वेग नहीं थमता। हमारे मन को मार्गदर्शन केवल एक संत के संग में जाकर ही मिलता है। जिससे हम आत्म कल्याण के मार्ग पर अग्रसर होते हैं।

### सत्संग जीवन में औषधि का काम करता है

महाराज ने कहा कि सत्संग हमारे जीवन में एक औषधि का काम करता है। जो हमारे मन के जन्म जन्मांतर के संस्कारों का समूल विनाश कर देता है। संत चरणों का आश्रय लेकर एक जीव भवसागर से तर जाता है। लेकिन प्रभु की कृपा के बिना हमें संतों का सत्संग नहीं मिल सकता। कई जन्मों के पुण्य पुंज एकत्रित होने पर ही हमें सत्संग की एक घड़ी नसीब होती है। चौरासी लाख जन्मों के बाद यह मानव तन मिलना जितना श्रेष्ठ है, उससे कई गुना अधिक श्रेष्ठ वह पल है जो हमें सत्संग में लाकर बिठा देता है। हमें गृहस्थ का पालन करते हुए ही अपने मन को भक्ति भाव से पूरित करना होगा। यही हमारे जीवन की उत्कृष्टता होगी। संकीर्तन सत्संग के दौरान महाराज ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया।

खबर संक्षेप

## निरुपमा भट्टी को सर्वश्रेष्ठ काउंसलर का अवार्ड

**कुरुक्षेत्र।** हरिद्वार में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस शिविर में प्रो. निरुपमा भट्टी को सर्वश्रेष्ठ काउंसलर का अवार्ड मिला है। यह जानकारी देते हुए प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश राणा ने बताया कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आईआईएचएस के यूथ रेडक्रॉस ने हरिद्वार में आयोजित इस शिविर में भाग लिया था। जिसमें प्रो. निरुपमा भट्टी को सर्वश्रेष्ठ काउंसलर का अवार्ड, स्वयंसेविकाओं की टीम ने नाटक प्रतियोगिता में प्रथम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश राणा व प्राचार्य प्रो. रीटा दलाल ने यूथ रेड क्रॉस टीम की गतिविधियों को सराहा और निकट भविष्य में अपनी सेवाएं जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## युवा राष्ट्रहित में भागेदारी करें सुनिश्चितः डॉ. पाल

**कुरुक्षेत्र।** एनएसएस यूटीडी इकाई तीन द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि युवाओं को समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर कुछ न कुछ करना चाहिए, जैसे कि घर से बाहर निकलते समय लाइट बंद करना, कूड़ा-कचरा न फैलाना, और पेड़ लगाना।

## समर्पण कार्यक्रम का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना सभा में सरस्वती पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम मनाया गया। विद्या भारती के लक्ष्य को साकार करने हेतु प्रतिवर्ष विद्यालय में समर्पण दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य है झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पण राशि एकत्रित करके उनका सहयोग करना है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल आदि रहे।

## आदेश में ईएनटी रोगियों को बेहतर उपचार दे रहे

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश अस्पताल व मैडिकल कॉलेज के ई.एन.टी. विभाग में ई.एन.टी. विशेषज्ञ डा. गुरचंद सिंह कान, नाक, गला के रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। इससे पहले डा. गुरचंद सिंह पी.जी.आई.-32 और उज्जैन सहित अनेकों लोकप्रिय अस्पतालों में 14 वर्ष तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पत्रकारों से बातचीत में डा. गुरचंद सिंह ने बताया कि आदेश अस्पताल में नाक, कान व गले सम्बंधी सभी रोगों की जांच व उपचार बेहतर व अत्याधुनिक मशीनों से किया जा रहा है। डा. गुरचंद ने ई.एन.टी. से सम्बंधित बीमारियों का जिक्र किया।

### जेईई मेन्स में गुरुकुल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

# अरमान ने हासिल किए 99.81 परसेंटाइल, राज्यपाल ने दी बधाई

गुरुकुल के 3 छात्रों ने जहां 99प्लस परसेंटाइल हासिल किये हैं वहीं 12 छात्रों ने 95 प्लस परसेंटाइल प्राप्त किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जेईई मेन्स की लिखित परीक्षा में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। गुरुकुल के 3 छात्रों ने जहां 99प्लस परसेंटाइल हासिल किये हैं वहीं 12 छात्रों ने 95 प्लस परसेंटाइल प्राप्त किये हैं। इसके अलावा 27 छात्र ऐसे है जिनके 90 प्लस परसेंटाइल आएं हैं। इस शानदार परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों में उत्साह का माहौल है। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप ने शानदार रिजल्ट पर सभी छात्रों को बधाई दीं। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी जेईई मेन्स में सफल छात्रों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) में दाखिले हेतु जेईई-मेन परीक्षा में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अरमान सिंह 99.81 परसेंटाइल के साथ गुरुकुल टॉपर बनें। वहीं अभिनव और अरुण दूहन ने क्रमशः 99.21 एवं 99.17 परसेंटाइल हासिल किये हैं। इसी प्रकार अविरल वर्मा ने 98.82, अनिकेत ने 98.08, रितेश ने 98.00, युवराज ने 97.84, प्रतीक मौर्य ने 97.81, मयंक ने 94.75, मासूम आर्य ने 96.57, मानव आर्य ने 95.57, केशव ने 95.18 परसेंटाइल लेकर गुरुकुल और अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया है। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि जेईई मेन्स में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 27 प्रतिभावान छात्रों ने 90 प्लस परसेंटाइल हासिल किये हैं। निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र वर्तमान में हरियाणा ही नहीं वरन्-देश का अग्रणी शिक्षण संस्थान है जहां विद्यार्थियों को निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ नैतिक शिक्षा और संस्कारों का पाठ भी पढ़ाया जाता है। हर वर्ष गुरुकुल के छात्र एनडीए, आईआईटी, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर गुरुकुल की ख्याति बढ़ा रहे हैं और भविष्य में भी सफलता की यह परम्परा यूंही बरकरार रहेगी।




### जेनिसिस 21 बच्चों के 99 परसेंटाइल से अधिक अंक

**कुरुक्षेत्र।** उत्तर भारत में जेनिसिस क्लासिस हर बार की तरह इस बार भी अपना अव्वल स्थान सुनिश्चत किया। संस्थान के 21 बच्चों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। कल शाम जेईई -मेंस के परीक्षा का प्रथम चरण का परिणाम घोषित किया गया। इसमें जेइइ-मेंस में लगभग 40 बच्चों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया। आज सुबह से ही सफल बच्चों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हर वर्ष साल में 2 बार जेइइ-मेंस की परीक्षा होती है। पिछले कई वर्षों से जेनेसिस के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता लोहा मनवाया है । जानकारी देते हुए जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत तथा नवनीत सिंह ने कहा कि जेनिसिस ने गत 14-15 वर्षों में बच्चों के साथ मिलकर सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए। जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि जेनिसिस क्लासिस में सफलता के नए आयाम स्थापित करने के पीछे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाकर रखना। समय रहते उनके डाउट्स क्लियर करना।

## हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम के छात्रों का जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला विज्ञान विशेषज्ञ तथा नोडल अधिकारी सुपर 100 कार्यक्रम डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम हरियाणा शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में पढ़ रहे विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के समान अवसर प्रदान करना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र के भी 6 विद्यार्थियों पलक ने 94.28, पारस ने 91.8, उज्ज्वल ने 88.68, आशीष ने 87.87, पंकज ने 86.79 तथा अमिता ने 85.96 परसेंटाइल हासिल कर जिला कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा के सहयोग से हरियाणा सुपर 100 कुरुक्षेत्र में लगभग 640 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हें विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं जैसे आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा तथा नीट की तैयारी करवाई जाती है।

### ये छात्र रहे अव्वल

इस कार्यक्रम के तहत 10 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेंस परीक्षा में 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किया है। सुपर 100 केंद्र बारना में पढ़ रहे आदित्य ने 99.91, रवींद्र ने 99.87, मुस्कान ने 99.84, तनिष ने। 99.81, विशेष यादव ने 99.56, रोहित ने 99.44, सुफता परवीन ने 99.35, योगेश ने 99.31, विवेक ने 99.19 तथा दीपेंद्र ने 99.17 परसेंटाइल प्राप्त कर देश भर में हरियाणा का नाम रोशन किया।

### किसान प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



**लाडवा।** लाडवा खंड के गांव गूढ़ा में वीरवार को एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कृषि विभाग की तरफ से किया गया, जिसमें उपमंडल कृषि अधिकारी डा. जितेंद्र मेहता ने किसानों को बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए गेहूं में पोटेशियम नाइट्रेट 4 किलो, एन.पी.के. को बूटिंग स्टेज पर 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ स्प्रे करने के लिए प्रेरित किया, ताकि बढ़ते हुए तापमान का गेहूं पर विपरीत असर न पड़े। इस मौके पर खंड कृषि अधिकारी डा.अमित कंबोज ने कृषि विभाग से मिलने वाले विभिन्न अनुदान व सब्सिडी योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। बागवानी विभाग से मनीष कुमार ने बाग लगाने, स्प्रे पंप व विभिन्न कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान के बारे में जानकारी भी दी। शिविर में पशुपालन विभाग से डा. प्रदीप ने गलघोटु, मुंह खुर टीकाकरणके लिए किसानों को जागरूक किया व विभाग से मिलने वाली दुग्ध प्रतियोगिता के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर कृषि विकास अधिकारी राकेश सहारण व गांव के सरपंच सुरजीत सहित करीब गांव के 60 किसानों ने शिविर में भाग लिया।

## नवयुग स्कूल में कक्षा दशम एवं द्वादश के लिए आशीर्वाद समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा दशम एवं द्वादश के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में हवन का आयोजन करवाकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने सभी विधार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को जीवन का महत्व समझना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए राष्ट्र के विकास को अपना लक्ष्य मानकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों एवं छात्राओं को पढ़ाई को जारी रखते हुए उच्च शिक्षा ग्रहण कर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। बोर्ड परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए विशेष सुझाव दिए।मु ख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## नगर परिषद चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को मिलेगी भारी बहुमत से एक तरफा जीत : सुभाष सुधा

- पूर्व पार्षद नरेन्द्र शर्मा निंदी, कांग्रेस नेता नरेन्द्र कौशल, प्रतीक कौशल, महिन्द्र रंगा, सुमित आदि दर्जनों नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि नगर परिषद चुनावों में भाजपा के प्रत्याशियों की भारी बहुमत से एक तरफा जीत होगी। इस कांग्रेस पार्टी का आने वाले समय में कोई नाम लेने वाला नहीं रहेगा। आज के दिन हर नेता भाजपा के साथ जुडऩा चाहता है, क्योंकि भाजपा ने हमेशा साफ व सुथरी राजनीति की है। इस पार्टी ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति को आधार मानकार योजनाओं को धरातल पर लागू किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को देर सायं सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इससे पहले गत देर सायं पूर्व पार्षद नरेन्द्र शर्मा निंदी के साथ दर्जनों कांग्रेस और विभिन्न दलों के कार्यकतार्ओं, कांग्रेस के नेता नरेन्द्र कौशल, प्रतीक कौशल सहित दर्जनों नेताओं और कार्यकतार्ओं ने कांग्रेस को अलविदा कह कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से खुश होकर भाजपा पार्टी में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व भाजपा के युवा नेता साहिल सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व पार्षदों और कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था रखते हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य शैली से प्रभावित होकर भाजपा में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में शामिल हुए है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। इस संगठन की खास बात यह है कि हर छोटे और बड़े कार्यकर्ता और नेता को पूरा मान सम्मान दिया जाता है।



### डा. संजय शर्मा को पेसापालो खेल एसोसिएशन हरियाणा का प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान किया नियुक्त

**कुरुक्षेत्र।** पेसापालो खेल एसोसिएशन हरियाणा द्वारा खेल के उत्थान एवं संगठन के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप सिंह एवं प्रदेश महासचिव ललित कुमार ने डॉ. संजय शर्मा की उल्लेखनीय सक्रियता, समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें पेसापालो खेल एसोसिएशन हरियाणा का प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान नियुक्त किया है। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि पेसापालो खेल के विकास और इसके प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करना मेरे लिए गौरव की बात होगी। नई जिम्मेदारी के प्रति ऑल इंडिया पेसापालो खेल एसोसिएशन के प्रधान शंकर देव चौधरी दिल्ली एवं हरियाणा एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल को राज्य में नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करता रहूँगा।

## परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी किए गए है। इन आदेशों के तहत परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार और मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि सीबीएसई की 10वीं व 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लगाने के आदेश जारी कर दिए गए है। यह आदेश 15 फरवरी से लेकर 4 अप्रैल 2025 तक सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक लागू रहेंगे। इन आदेशों के दौरान परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार, मोबाइल फोन ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके साथ ही स्कूलों के पास फोटोस्टेट की मशीन भी दुकानदार बंद करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन 15 फरवरी से लेकर 4 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। इन परीक्षाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए आदेश जारी किए गए है।




### पूजा कॉलेज ऑफ एजूकेशन पिपली में सेमिनार

**कुरुक्षेत्र।** पूजा कॉलेज ऑफ एजूकेशन पिपली कुरुक्षेत्र में प्रोज एंड कोन्स ऑफ ऑनलाइन लर्निंग इन हायर एजुकेशन विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि रसायन विज्ञान के प्राध्यापक नवीन गुप्ता रहे। इस कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन विकासदीप संधू, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. विनोद सैनी व अन्य शिक्षण स्टाफ मौजूद रहे। सर्वप्रथम कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. विनोद सैनी ने ऑनलाइन लर्निंग के बारे में प्रतिभागियों व दर्शकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उसके बाद मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए प्राध्यापक नवीन गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन लर्निंग के गुण व दोषों से अवगत कराया। कार्यक्रम का मंच संचालन सामाजिक विज्ञान शिक्षा के सह प्राध्यापक अमित कुमार ने किया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन लर्निंग के गुण व दोषों के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

## वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकसित राष्ट्र की संकल्पना पर संगोष्ठी आयोजित

- जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मकता ही विकसित भारत की नींव : प्रोफेसर सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मकता, नवाचार ही विकसित भारत की नींव है। विकसित राष्ट्र हेतु जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान की संकल्पना के साथ-साथ पर्यावरण सुरक्षा एवं समावेशी समाज की महती आवश्यकता है। यह विचार गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कुवि के संस्कृत पालि प्राकृत विभाग व संस्कृत एवं प्राच्यविद्या संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकसित राष्ट्र की संकल्पना विषय पर आयोजित होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीपदान कर किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत ने अंतरिक्ष से लेकर डिजीटल पेमेंट, विज्ञान सहित आईटी क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन नैतिक मूल्यों के अनुसार करना चाहिए। वेदों में पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की बात कही गई है।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### विश्व रेडियो दिवस पर केयू के जनसंचार विभाग में हुआ कार्यक्रम

# रेडियो का वैश्विक शिक्षा में रहा विशेष योगदान

- जनसंचार संस्थान रेडियो के क्षेत्र में जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से करेगा एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विवि के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में विश्व रेडियो दिवस-2025 की थीम जलवायु परिवर्तन और रेडियो कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि रेडियो ने विश्व के विकास में उत्कृष्ट योगदान दिया है जिससे संस्कृति सभ्यता के साथ कृषि संचार, शिक्षा, सूचना और प्रौद्योगिकी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और निभा रहा है। उन्होंने कहा कि रेडियो अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन संबंधित तमाम सूचनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेडियो का कल भी दौर था, आज भी दौर है और आगे भी दौर रहेगा। निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने कहा कि संस्थान जल्द ही ओडियो-विडियो स्टूडियो को अपग्रेड करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने स्वीकृति प्रदान की है जिसके लिए संस्थान उनको विशेष आभार प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि संस्थान कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व सफलता की बुंलदियां प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि जनसंचार संस्थान रेडियो के क्षेत्र में जल्द ही सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एक एम.ओ.यू. करेगा जिसके तहत दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों को लाभ होगा जिसके तहत फैक्लटी एक्सचेंज भी प्रोग्राम करेगा। इस अवसर पर आकाशवाणी केंद्र कुरुक्षेत्र की हेड विजयश्री ने रेडियो की स्थापना से लेकर आजादी की लड़ाई में भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मैहता के सीक्रेट रेडियो के योगदान के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेडियो जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका में है क्योंकि रेडियो की पहुंच जहां 1947 में महज 11 प्रतिशत थी वही वर्तमान में 99.18 प्रतिशत हो चुकी है।

### विश्व रेडियो दिवस यूनिस्कों द्वारा 2012 में आरंभ हुआ

कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्थान के प्राध्यापक डॉ. आबिद अली ने कहा कि विश्व रेडियो दिवस यूनिस्कों द्वारा 2012 में आरंभ किया था जिसको मनाने की परम्परा वर्तमान तक संस्थान बनाये हुए है और वह भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान अपने विद्यार्थियों को रेडियो से जोड़े रखेगा और रेडियो में करिअर बनाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। विश्व रेडियो दिवस कार्यक्रम पर विद्यार्थियों ने रेडियो स्वर्गीय सुप्रसिद्ध उदघोषक अमीन सयानी को उनके रेडियो के सफर पर अपनी प्रस्तुतियों द्वारा भावभीनी श्रद्धाजंलि दी। रेडियो के पुराने हिंदी गीतों को भी याद किया गया। इस अवसर संस्थान की प्राध्यापिका डॉ. मधुदीप ने रेडियो दिवस पर पहुंचे मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि रेडियो दिवस सफलता पूर्वक मनाया गया और समापन पर विद्यार्थियों और साथी प्राध्यापकों, तकनीकी स्टाफ और सभी भागीदारों तहेदिल से शुक्रिया किया।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संघ की मीटिंग हुई

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ 421 खंड की बैठक आज राजकीय मॉडल सीनियर संस्कृति स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए खंड प्रधान ने कहा कि हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा हिंदी, संस्कृत, पंजाबी और गणित विषय के अध्यापकों की प्रमोशन की गई है तथा उनके नए स्टेशन भी निर्धारित कर दिए गए हैं जिसका संघ स्वागत करता है।

### मां धनवंतरी पूजन के साथ कैंप का शुभारंभ

**अंबाला।** गांव बाड़ा में आयुष्मान अरोग्य मंदिर के सौजन्य से हिमालय वेलनेस कंपनी ने एक विशेष पाइलस कैंप का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम बाड़ा के जागरूकता शिविर लगाया, जिसमें 82 मरीजों ने लाभ उठाया और उनको बावासीर से बचने के उपायों के साथ-साथ दिनचर्या व ऋतु चर्चा को सामान्य रखने के उपाए भी बताए गए। सबसे पहले मां धनवंतरी पूजन के साथ कैंप का शुभारंभ किया गया। डॉ. समिधा ने बताया कि अच्छा स्वास्थ्य पेट व पाचन पर ही निर्भर करता है।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर में प्रत्येक शिकायतकर्ता कि समस्या को गंभीरता से ले और तत्परता से उसका समाधान करवाना सुनिश्चित करें। शिविर लगाने का उदेश्य हर प्रार्थी की समस्या का समाधान करना है। नगराधीश वीरवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे।उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शिविर का आयोजन होता है।

### शिविर में छात्रों ने की हिस्सेदारी

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ . अपूर्वा और डॉ. जगदीप सिंह व चार विद्यार्थियों कोमल, राजनंदानी, अंजलि, लकी ने छःदिवसीय रेड क्रॉस शिविर हरिद्वार में भाग लिया जो भारतीय रेड क्रॉस व हरियाणा रेड क्रॉस द्वारा संचालित किया गया था। इस शिविर में नारायणगढ़ महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें ग्रुप डांस, सोलो सांग, डिबेट और अन्य प्रतियोगिताएं शामिल थी।

### सुविधाओं का लिया जायजा

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय, में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से आई टीम द्वारा एम. कॉम की मान्यता बढ़ाने हेतु विभिन्न सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण करने वाली टीम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग से आए डॉ. तेजिंद्र शर्मा और डॉ. सुभाष चंद ने महाविद्यालय की शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सुविधाओं जैसे छात्र-संख्या, शिक्षक, कक्षा-कक्ष, पुस्तकालय और अन्य आधारभूत सुविधाओं को परखा।

### कार ने मारी टक्कर बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव बहादुरगढ़ के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रत्ताखेड़ा इंद्रजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर फिलिंग स्टेशन पर गांव जयपुर जा रहा था।

### लाइब्रेरी में युवक पर हमला, आठ पर केस

**जींद।** गांव की चौपाल में बनी लाइब्रेरी में पढने गए युवक पर कुछ युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर सात अन्य के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना खुर्द निवासी विजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह हर रोज की भांति गांव की चौपाल में बनी लाइब्रेरी में पढ़ने जा रहा था।

## नौ रसों के समावेश की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

# इंडस स्कूल में अनुभूति नवरस का सार रंगारंग कार्यक्रम की रही धूम

### गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पांचवीं कक्षा के बच्चों द्वारा अनुभूति नवरस का सार विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में एसडीएम सत्यवान सिंह मान और विष्शिट अतिथि के रूप में सात्विक सिंधु ने शिरकत की। इंडस ग्रुप के निदेश सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, इंडस संस्थाओं के कॉर्डिनेटर प्रवीन परूथी, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि सत्यवान सिंह मान और विषिश्ट अतिथि सात्विक सिंधु, इंडस ग्रुप और स्कूल के सभी स्वागतकर्ता सदस्यों ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में पांचवीं कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रयागराज कुंभ नृत्य, नौ रसों का समावेश-शांत रस, करूण रस, वीभत्स रस, रौद्र रस, वीर रस, अद्भुत रस, हास्य रस, श्रृंगार रस, भयानक रस आदि को नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया है। जिसमें प्रयागराज कुंभ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। नौ रसों के समावेश की विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में इस प्रकार की गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के अंदर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों के चंहुमुखी विकास पर प्रकाश डालते कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना चाहिए और जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए अपने लक्ष्य पथ पर चलना चाहिए। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो व्यक्ति साहस के साथ अवसरों का लाभ उठा कर आगे बढ़ता है, वही सफलता की बुलंदियों को छूता है। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। प्राचार्या अरूणा शर्मा ने कहा कि इंडस स्कूल जींद नित नए आयामों को छूता हुआ हर प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारता है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में शिक्षा, खेल या सांस्कृतिक कार्यक्रम हों।



जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



## बच्चे पढ़ाई के साथ सीखेंगे शतरंज की चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में शतरंज शामिल

35 साल बाद परिवर्तन बदलाव कर भारत सरकार द्वारा लागू की गई देश की नई नेशनल शिक्षा नीति के तहत हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग की स्कूली शिक्षा में शतरंज को जोरदार तरीके से शामिल किया जाएगा। भारत सरकार की नई नेशनल शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश में पहला प्रदेश हरियाणा राज्य ही होगा। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा का स्तर सुधार कर ऊंचा करने तथा बच्चों का टैलैंट निखारने के लिए ये नई पहल की गई है। शतरंज के प्रधान महाभारत के भीष्म पितामह शक्तिमान मुकेश खन्ना के नेतृत्व वाली हरियाणा शतरंज (एचसीए) के प्रदेश महासचिव अखंड ब्रह्मचारी अविवाहित कुलदीप शतरंज और हरियाणा सरकार के शिक्षा त्री महिपाल ढांडा के बीच आयोजित एक बैठक के दौरान शतरंज को शिक्षा विभाग में शामिल करने बारे विशेष बातचीत हुई। शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग के बड़े सीनियर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे शतरंज को शिक्षा विभाग में शामिल करने बारे एक रिपोर्ट तुरंत प्रभाव से जल्द से जल्द ही तैयार कर मंत्री के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि जल्द ही शतरंज को शिक्षा विभाग में आप्शनल सबजेक्ट पाठयक्रम के रूप में शामिल किया जा सके। भारतीय ओलंपिक संघ आईओए से मान्यता प्राप्त एवं वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयकर छूट प्राप्त हरियाणा शतरंज एसोसिएशन एचसीए के प्रदेश महासचिव अखंड ब्रह्मचारी अविवाहित कुलदीप शतरंज ने बताया कि पढ़ाई-लिखाई के साथ अब प्रदेश के स्कूलों मे डिजिटल ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से बच्चों की तार्किक क्षमता बढ़ाने का काम भी शुरू किया गया है। नई नेशनल शिक्षा नीति में शतरंज को पूरी ताकत के साथ बढ़ावा देने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि भारतीय खेल शतरंज का उदय भारत में ही हुआ है।



जींद। फस्ट एड के गुर सिखाते एनडीआरटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### सुरक्षा कार्यक्रम के तहत आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**जींद।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम के सहयोग से विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्धेश्य छात्रों और शिक्षकों को आपदा के समय उचित बचाव और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था। एनडीआरएफ टीम का नेतृत्व निरीक्षक त्रिलोक सिंह ने किया। जिनके साथ महिला कर्मी पूनम और अमिता भी उपस्थित रही । जिला आपदा प्राधिकरण से संतराए विक्रम मोर और नवीन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। यह कार्यक्रम उझाना के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और नरवाना के केएम राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया । इन सत्रों में छात्रों को सीपीआर तकनीक भूकंप के दौरान सुरक्षा उपाय प्राथमिक चिकित्सा बाढ़ से बचाव और गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उझाना जो की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है।

### गोपाल स्कूल में आशीर्वाद समारोह आयोजित

**जींद।** गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में इस सत्र के समापन पर दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य तथा उत्तम परीक्षा परिणाम हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। आशीर्वाद समारोह का शुभारंभ हवन यज्ञ में मंत्रोच्चारण द्वारा आहुति डालकर किया गया। हवन यज्ञ के दौरान छात्रों के स्वास्थ्य व उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए संकल्प लिया गया। दैवीय शक्तियों को स्मरण करते हुए विद्यालय की उन्नति के लिए बारम्बार प्रार्थना की गई। विद्यार्थियों और आचार्यों में अनवरत स्मृति बनाए रखने के लिए छात्रों के साथ सामूहिक छायाचित्र लेने के बाद सभी विद्यार्थी अपने कक्षाचार्यों सहित यज्ञ में शामिल हुए। यज्ञ के बाद प्रधानाचार्य अजय व कक्षाचार्यों द्वारा छात्रों पर पुष्पवर्षा करते हुए सफल होने का आशीर्वाद दिया गया। बारहवीं कक्षा के अनेक छात्रों द्वारा भी अपने शिक्षकों के प्रति आदर व सम्मान की भावना रखते हुए अपने अनुभव सांझा किए गए। अजय द्वारा बच्चों को आगामी परीक्षा संबंधित निर्देश दिए गए। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव पंकज शर्मा व कोषाध्यक्ष अश्विनी गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## साइबर सुरक्षा का महत्व बताया

■ डीएवी कॉलेज में सेफर इंटरनेट डे पर आयोजित हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग की ओर से सेफर इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर मोहाली की समायरा फारूक रही। प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने मुख्य वक्ता का स्वागत फ्लावर पॉट व मोमेटों देकर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल दुनिया को अधिक सुरक्षित और सकारात्मक बनाना रहा जिसमें ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर बुलिंग से बचाव, और डिजिटल जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता ने इंटरनेट से होने वाले साइबर क्राइम और उससे बचने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग और साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके साथ आई टीम ने छात्रों और उपस्थित स्टाफ मेंबर्स को साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड के उपयोग, और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने जैसी महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर मधु गोयल द्वारा किया गया। डॉ. सुखदेव सिंह ने कॉलेज की तरफ से कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन दिया। लगभग 100 विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान का लाभ उठाया। इस मौके पर उप- प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आरएस. परमार सहित सभी टीचिंग व नॉन टीचिंग के साथी उपस्थित रहे।



अंबाला। डीएवी कॉलेज पहुंची मुख्य वक्ता अन्य शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ

■ रामेश्वर में श्रीराम ने तथा वृंदावन में श्रीकृष्ण ने भी की थी शिव की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में टोबा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते कहा कि देश के कोने-कोने में शिव के लाखों मंदिर हैं। इनमें शिव की प्रतिमा "शिवलिंग के रूप में पाई जाती है। कहा जाता है कि दक्षिण भारत तमिलनाडु में रामेश्वर के स्थान पर श्रीराम ने तथा वृंदावन में गोपेश्वर के स्थान पर श्रीकृष्ण ने भी शिव का पूजन किया था। यह वृत्तांत भी इस सत्यता के द्योतक है कि शिव ही देवों के देव एवं श्रीराम और श्रीकृष्ण के भी परमपिता परमात्मा हैं। शिव की प्रतिमा का शिवलिंग के रूप में दिखाया जाना सिद्ध करता है कि परमात्मा निराकार है जिसका देवी-देवताओं जैसा कोई साकार पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग का स्वरूप नहीं वरन ज्योतिर्लिंग निराकार स्वरूप है। ब्रह्मा, विष्णु एवं शंकर तीन सूक्ष्म व आकारी देवताओं के भी रचयिता होने के कारण निराकार परमात्मा शिव को 'त्रिमूर्ति' भी कहते हैं। शिवलिंग पर जो तीन लकीरों वाली त्रिपुंडी होती है वह शिव परमात्मा के त्रिमूर्ति, त्रिनेत्री, त्रिकालदर्शी एवं त्रिलोकीनाथ होने का प्रतीक है। शिव को 'शम्भू' अर्थात"स्वयं भू' तथा "सदाशिव' भी कहा जाता है जिसका अर्थ है कि शिव ही परमात्मा है जिसका कोई रचयिता नहीं। देश में शिवरात्रि का पर्व हर वर्ष मनाया जाता है। इस दिन शिवभक्त, शिव मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर लोटी, बेल-पत्र आदि चढ़ाते, पूजन करते, उपवास करते तथा रात्रि को जागरण करते हैं। शिवरात्रि को सार्थक बनाने के लिए यह जानना अति आवश्यक है कि शिव कौन हैं तथा उनकी रात्रि क्यों मनाते हैं? परमात्मा शिव के ऊपर बेल-पत्र चढ़ाना, उपवास तथा रात्रि जागरण करना एक विशेष कर्म की ओर इंगित करता है क्योंकि जो कर्मकांड मनुष्यों द्वारा किए जाते हैं उनके पीछे आध्यात्मिक रहस्य समाया होता है। कार्यक्रम के दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया व गांव के सरपंच बृजपाल राणा को ईश्वरीय सौगात से सम्मानित किया।



अंबाला। समारोह के दौरान मौजूद ग्रामीण व बीके बहनें। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस

### समाज में महिलाओं का योगदान किसी से अछूता नही : जतिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बीबीपुर के यदुवंशी शिक्षा निकेतन में वीरवार को राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य जतिन कथूरिया ने विद्यार्थियों को महिला दिवस का महत्व समझाया और समाज में महिलाओं के योगदान की सराहना की। कहा कि महिलाओं का सम्मान हर व्यक्ति का कर्तव्य है और हमें उन्हें उपहार देकर उनकी प्रशंसा कर और उनके प्रयासों को सराहते हुए उनके योगदान को मान्यता देनी चाहिए। सम्मान समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महिला शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की गई। विद्यालय में इस खास अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सुंदर रंगोली बना कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नारी शक्ति-एक प्रेरणा विषय पर अपने विचार सांझा किए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाए। जिनमें महिलाओं के प्रति सम्मान और उनके अधिकारों पर संदेश दिए गए। विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र व छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए गए। जिनमें महिलाओं के संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को दर्शाया गया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि नारी केवल घर की दीवारों तक सीमित नही है, वह समाज की धुरी है। हमें महिलाओं का सम्मान करना चाहिए, न केवल एक दिन बल्कि हर दिन। जब भी मौका मिले हमें अपने जीवन में महत्वपूर्ण महिलाओं को उपहार और सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए।



जींद। स्टाफ को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### छह साल से फरार चल रहा वांछित अपराधी गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस चौकी दनौदा की टीम ने हत्या के आरोप में छह साल से फरार चल रहे राजस्थान पुलिस के वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर नागौर में एक युवक की गोलियां मार कर की हत्या की थी। आरोपित को राजस्थान पुलिस के हवाले किया गया है। पकडे गए आरोपित की पहचान गांव दनौद खुर्द निवासी रोहताश उर्फ कालवा के रूप में हुई है। दनौदा चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि टीम उनके नेतृत्व में दनौदा गांव के पास गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि दनौदा खुर्द का रोहताश उर्फ कालवा जो राजस्थान के नागौर में हत्या के आरोप में वांछित है, अपने घर पर आएगा। जिस पर पुलिस ने आरोपित के घर के पास ट्रैप लगाया। जैसे ही आरोपित अपने घर की तरफ आया तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

■ जन्म जयंती समारोह को लेकर हवन में डाली आहुतियां

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा के तत्वावधान में प्रदेशभर के समस्त आर्य समाज, आर्य युवा समाज और डीएवी स्कूलों व कॉलेजों में 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डीएवी पब्लिक स्कूल में भी यह आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। विद्यालय में प्रतिदिन यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनमें आर्य समाज के नियमों की जानकारी, कविता पाठ, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन और आर्य प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। कक्षा 8 और 9 के छात्रों के लिए विशेष रूप से आर्य समाज पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कपूर ने कहा कि ऋषि दयानंद एक युगपुरुष थे जिनकी शिक्षाएं अब भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अनुशासन और नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने के लिए इस प्रकार के सुसंस्कृत कार्यक्रम आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विद्यालयों और घरों में बच्चों को महापुरुषों के चरित्रों से परिचित कराना चाहिए ताकि वे मोबाइल जैसी आदतों से दूर रह सकें।

### विरासत बैक टू रूट्स हैंडीक्राफ्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी में तैयार किए जा रहे उत्पादों का निरीक्षण किया

# उपायुक्त ने किया बुनकरों द्वारा तैयार उत्पादों का मुआयना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने वीरवार को विरासत बैक टू रूट्स हैंडीक्राफ्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी में तैयार किए जा रहे उत्पादों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भूरेवाला स्थित श्री स्वामी रामा फाउंडेशन ट्रस्ट प्रांगण में विरासत के कॉमन फैसिलिटी सेंटर एवं बड़ा गांव में बुनकरों के घरों में जाकर उनकी कार्यशैली को भी समझा। साथ ही दरी बनाने के कार्य का अवलोकन करते हुए बुनकरों से बातचीत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर नाबार्ड के कलस्टर के डीडीएम पुष्पेंद्र कुमार, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष रेखा वोहरा ने उपायुक्त एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। रेखा वोहरा ने बताया कि श्री स्वामी राम फाउंडेशन ट्रस्ट एक गैर-लाभकारी स्वैच्छिक संगठन है, जो हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यावसायिक प्रशिक्षण और आय सृजन के लिए कार्य कर रहा है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सुझाव दिया कि विरासत के सभी उत्पादों पर टैग, लोगो एवं उत्पाद संबंधी जानकारी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। जेम पोर्टल, गीता जयंती, योगा डे एवं स्थानीय मेलों के लिए ओएफपीओ के सभी उत्पादों की ई-कैटलॉग तैयार की जाए, जिसमें मूल्य एवं अन्य जानकारी उपलब्ध हो। उपायुक्त ने कहा कि दरी बुनाई इस कलस्टर का पुश्तैनी व्यवसाय रहा है, जो अब विलुप्ति की कगार पर था। नाबार्ड द्वारा अनुदानित इस ओएफपीओ विरासत ने 310 बुनकरों को एकजुट कर उन्हें एक कंपनी का मालिक बना दिया है। उन्होंने इस परियोजना को स्थानीय अर्थव्यवस्था और मेक इन इंडिया पहल के लिए महत्वपूर्ण बताया। यह परियोजना न केवल अंबाला और पंचकूला बल्कि पूरे एक मिसाल बनेगी। उपायुक्त ने ओएफपीओ विरासत के प्रयासों की सराहना की और सभी बुनकरों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस परियोजना से स्थानीय हस्तशिल्प को बढावा मिलेगा।



नारायणगढ़। उपायुक्त अजय सिंह तोमर बुनकरों द्वारा तैयार की गई दरी का अवलोकन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### तीन वर्षों के लिए 74 लाख का अनुदान प्रदान किया

नाबार्ड का सहयोग राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक/नाबार्ड ने इस परियोजना के लिए तीन वर्षों के लिए 74 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया है। जिले के सात गांवों रायपुररानी, गढ़ी कोटाहा, समलेहरी, हरयोली, शाहपुर, खेड़ी और बड़ा गांव के 310 दरी बुनकरों की पारंपरिक हस्तशिल्प कला को पुनर्जीवित करना है। परियोजना की उपलब्धियां सभी बुनकरों को पहचान पत्र/विवर्स कार्ड वितरित किए गए हैं। विरासत की ब्रांडिंग का कार्य नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एनआईएफटी पंचकूला द्वारा किया गया है। इसमें लॉगो डिजाइन, सोशल मीडिया प्रमोशन, इंस्टाग्राम, फेसबुक, कैट लॉग, ब्रोशर और ई.कॉमर्स गतिविधियां शामिल हैं।